तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, गुरुवार 31 जुलाई 2025

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

13 कुर्मी समाज ने मनाई गई डॉ. खूबचंद बघेल की 125 वीं जयंती



12 पावरग्रिड प्रभावित किसानों को मुआवजा...



## खबर संक्षेप

### देवरबीजा उप तहसील में स्थायी तहसीलदार की मांग

**बेरला।** जनपद सदस्य नीरज सिंह राजपूत ने कलेक्टर जनदर्शन में देवरबीजा तहसील में स्थायी तहसीलदार व एक तहसील के अंतर्गत रिक्त कर्मचारी की पूर्ति करने कलेक्टर को आवेदन दिया। नीरज राजपूत ने बताया कि तहसील एक मजाक बनकर रह गया है। वहां किसान आम जन दर-दर भटकतें रहते हैं, क्योंकि तहसीलदार बेरला के आशुतोष गुप्ता अतरिक्त प्रभार में है। सभी तरफ का कार्य देखना अलग से और भी कार्यलयीन कार्य भी होता, जिसके चलते देवरबीजा में समय नहीं दें पाते। आम जनता अपने छोटे छोटे कार्य के लिए भटकते हैं। वहां के बाबू की भी बहुत शिकायत है कि समय पर कार्य नहीं करते। ऐसा बार-बार किसानों के तरफ से आता है। बेरला तहसील से अलग कर देवरबीजा को उप तहसील बनाया गया है कि कार्य के लिए दूर-दूर से किसान बेरला आते हैं। वह सारे कार्य पास देवरबीजा में होगा, परन्तु यहां देवरबीजा में पूरा उल्टा है। यह बहुत दिनों से चलता आ रहा है। इसी परिप्रेक्ष्य में जनपद सदस्य ने जनदर्शन के अंतर्गत सारे बात को रखते हुए आम जन मानस को तकलीफ न हो इसके लिए जल्द से जल्द स्थायी तहसीलदार व तहसील के लिए सभी रिक्त पोस्ट के लिए कर्मचारी नियुक्त करने की मांग की।

### खाद के लिए भटक रहे किसान, जपं सदस्य ने उठाया मुद्दा

**नांदघाट।** क्षेत्र की सहकारी समितियों में डीएपी और यूरिया खाद की भारी कमी से किसान परेशान हैं। खरीफ सीजन में समय पर खाद नहीं मिलने से खेती पर सीधा असर पड़ रहा है। किसानों की समस्या को गंभीरता से लेते हुए जिला पंचायत सदस्य सुशीला जोशी ने जिला विपणन अधिकारी (मार्कफेड) को पत्र लिखकर तत्काल खाद उपलब्ध कराने की मांग की है। सुशीला जोशी ने बताया कि 29 जुलाई को उन्होंने नवागढ़ क्षेत्र की विभिन्न सहकारी समितियों का दौरा किया, जहां किसानों ने बताया कि वे लंबी-लंबी कतारों में खड़े होकर भी खाली हाथ लौट रहे हैं। समिति कर्मचारी खाद का अभाव बता रहे हैं और पर्ची वापस कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि किसानों को समय पर खाद नहीं मिलने से बोनी लेट हो रही है। अगर जल्द व्यवस्था नहीं की गई, तो फसल की उत्पादकता पर असर पड़ेगा। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि सरकारी गोदामों से खाद उठाव न होने के कारण निजी दुकानों में कालाबाजारी की स्थिति बन रही है, जहां किसानों को महंगे दामों में खाद लेना पड़ रहा है। जोशी ने प्रशासन से आग्रह किया है कि सहकारी समितियों की जांच कर जरूरी स्टॉक उपलब्ध कराया जाए, जिससे किसान वर्ग को राहत मिल सके।

### शेयर मार्केट के नाम पर 7.13 लाख की ठगी

**भिलाई।** शेयर मार्केट के नाम पर ठगी करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। खुर्सीपार पुलिस ने बताया कि क्वाटर नं 3ए सडक 26 सेक्टर 11 जोन 1 खुर्सीपार निवासी जयंत कुमार पटेल ने ट्रेडिंग कंपनी के माध्यम से इन्वेस्टमेंट के नाम पर 7 लाख 13 हजार 173 रुपए का आनलाईन ठगी किया गया। पीड़ित टेलीग्राम आईडी के धारक अज्ञात आरोपी ने ट्रेडिंग कंपनी के नामक पर रुपए जमा कराया। उसके उसके बाद ठगी कर दिया।

# नागपंचमी पर बच्चों ने लड़ी कुश्ती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

बेरला विकासखंड के पूर्व माध्यमिक एवं प्राथमिक शाला भरचट्टी में नाग पंचमी मनाई गई। मिट्टी के महादेव एवं नाग बनाकर पूजा की गई। उसके बाद बच्चों को कुश्ती खेलवाया गया।

नाग पंचमी के दिन कुश्ती खेलने की परंपरा मुख्य रूप से शक्ति और साहस का प्रदर्शन करने के लिए है। शिक्षक आशीष पांडेय ने बताया कि नाग पंचमी, श्रावण मास के शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि को मनाई जाती है, और इसके पीछे कई पौराणिक कथाएं प्रचलित हैं। राजा जनमेजय ने सर्पयज्ञ करवाया। जिसमें सांप जलने लगे तब ऋषि आस्तिक ने नागों की रक्षा की थी। भगवान कृष्ण द्वारा यमुना नदी को कालिया नाग से बचाना और समुद्र मंथन में वासुकि नाग के योगदान देना, नाग पंचमी का ही दिन था। तब से नाग पंचमी मनाया जाता है। शिक्षिका हिरकणी साहू ने बताया कि नाग पंचमी के दिन नागों की पूजा करने का मुख्य उद्देश्य उनसे सुरक्षा, संरक्षण, स्वास्थ्य और समृद्धि की कामना करना है। सांप खेतों के चूहा खाकर फसल की रक्षा करते हैं। इसलिए हमें उनका संरक्षण करना चाहिए। इस कार्यक्रम में प्रधान पाठक शत्रुघ्न लाल ठाकुर, नीतू परगनिया, शिवकुमार मुक्ति, तरुण साहू, कल्पना मरकाम, कमलेश्वरी सेन का पूर्णतः योगदान रहा।

**विकासखंड के पूर्व माध्यमिक एवं प्राथमिक स्कूल भरचट्टी में मनाई गई नाग पंचमी**






## तीन दिवसीय धरने पर बैठीं रसोइया, मांग पूरी नहीं होने पर दी उग्र आंदोलन की चेतावनी

# मानदेय बढ़ाने रसोइया संघ आंदोलन पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

छत्तीसगढ़ रसोईया संघ के बैनर तले सैकड़ों रसोइया महिलाओं ने 3 सूत्री मांगों को लेकर तहसील कार्यालय के जयस्तंभ चौक में तीन दिवसीय धरना प्रदर्शन का आगाज किया। यह आंदोलन प्रदेशव्यापी स्तर पर किया जा रहा है, जिसमें बेमेतरा जिले सहित कई अन्य जिलों से आईं रसोइयाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया है।

धरना प्रदर्शन कर रही रसोइयों का कहना है कि वे वर्षों से स्कूलों में मिड-डे मील योजना के तहत बच्चों को भोजन उपलब्ध करा रही हैं, लेकिन उनके साथ शोषण की स्थिति बनी हुई है। उन्हें न तो पर्याप्त मानदेय मिल रहा है, न ही स्थायी कर्मचारी का दर्जा और न ही कार्य समय की कोई स्पष्ट परिभाषा है। मुख्य मांगों में रसोइयों का मानदेय, स्थायी कर्मचारी का दर्जा, मोदी की गारंटी, सेवा शर्तें और सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ आदि शामिल है। धरना स्थल पर रसोइया संघ की जिला अध्यक्ष सहित अन्य पदाधिकारियों ने सरकार पर वादाखिलाफी का आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार केवल सुन रही है, लेकिन सुनवाई नहीं कर रही। अगर मांगें नहीं मानी गईं, तो यह आंदोलन उग्र होगा। धरने में शामिल रसोइयों ने तख्तियां और बैनर लेकर सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाज़ी की। उन्होंने कहा कि हम बच्चों को खाना खिलाते हैं, लेकिन हमारी खुद की थाली खाली रह जाती है। हम न्यूनतम मजदूरी तक से वंचित हैं।




### सरकार को चेतावनी

रसोईया संघ ने साफ चेताया है कि यदि जल्द ही उनकी मांगों को लेकर कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया, तो वे राजधानी रायपुर की ओर कूच करने से भी पीछे नहीं हटेंगी। संघ का यह भी कहना है कि अगर उनकी आवाज़ को दबाया गया, तो यह आंदोलन राज्यव्यापी जनआंदोलन में बदल जाएगा।

### प्रशासन की चुप्पी सवालों के घेरे में

तीन दिन से बेमेतरा मुख्यालय के बीचों-बीच चल रहे इस प्रदर्शन पर प्रशासन की ओर से अब तक कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है, जिससे रसोइयों में और अधिक रोष देखा जा रहा है। अब देखने वाली बात होगी कि सरकार इन रसोइयों की आवाज़ को कितनी गंभीरता से लेती है और उनकी मांगों पर कितना जल्दी फैसला करती है।

## क्रेशर मालिकों की मनमानी

# 20 एमएम गिट्टी 525 रुपए प्रति टन बेची जा रही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

- शिवसेना उद्धव बालासाहेब ठाकरे पार्टी ने किया विरोध, कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

शिवसेना उद्धव बालासाहेब ठाकरे पार्टी ने लाइमस्टोन क्रेशर गिट्टी मालिकों द्वारा अवैध सिंडिकेट बनाकर महंगे दामों में बेचकर मुनाफा कमाने का आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री के नाम से कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा।

पार्टी के प्रदेश सचिव दाऊराम चौहान ने कहा कि वर्तमान में प्रदेश में पक्का छत देने प्रधानमंत्री आवास का निर्माण कराया जा रहा है, जिसमें प्रमुख रूप से क्रेशर गिट्टी लाइमस्टोन लगता है जिसे रायपुर, दुर्ग, बेमेतरा सहित छत्तीसगढ़ प्रदेश के अन्य जिलों के क्रेशर मालिकों द्वारा अवैध गठजोड़ कर सिंडिकेट बनाकर गिट्टी का रेट बढ़ाकर महंगे दामों में बेचकर आम जनता एवं गरीब परिवारों को लूटा जा रहा है। एक महीने पहले 20 एमएम गिट्टी का रेट प्रति टन 350 रुपए था, लेकिन वर्तमान में क्रेशर मालिकों के द्वारा गिट्टी का मूल्य बढ़ाकर 525 रुपया प्रति टन कर दिया गया है, जिससे गरीब, मजदूर, किसान अपना घर नहीं बन पा रहे हैं। क्रेशर गिट्टी खदान मालिकों के द्वारा जिस तरह से प्रशासनिक संरक्षण से अवैध सिंडिकेट बनाया गया उससे सरकार की छवि भ्रष्टाचार के तौर पर खराब हो रही है। उन्होंने मांग करते हुए कहा रायपुर, दुर्ग, बेमेतरा व छत्तीसगढ़ के अन्य जिलों के समस्त क्रेशर पर उचित कार्यवाही करते हुए उचित मूल्य दर पर गरीब जनता ▶▶| शेष पेज 13 पर

# जिला शिक्षा अधिकारी ने किया साजा के विभिन्न विद्यालयों का औचक निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

साजा, बेरला विकासखंड के विभिन्न विद्यालयों का औचक निरीक्षण जिला शिक्षा अधिकारी डॉ कमल कपूर बंजारे एवं सहायक संचालक एसपी कोशले के द्वारा किया गया। जिसके अंतर्गत सबसे पहले शासकीय प्राथमिक शाला पूर्व माध्यमिक शाला हायर सेकेंडरी स्कूल भेड़नी का संयुक्त रूप से निरीक्षण किया गया। जिसमें संस्था के प्राचार्य मनोज कुमार वर्मा अवकाश पर पाए गए। एवं साथ ही साथ धनेश्वरी भुवार्य सहायक ग्रेड 2 अनुपस्थित पाई गई।

- सभी शिक्षकों को समय पर स्कूल आने और समय तक रुकने निर्देशित किया

जिसके लिए शोकाज नोटिस जारी किया गया। तथा साथ ही साथ प्राथमिक /माध्यमिक/ हाई स्कूल / प्रार्थना अलग-लग रहा था। जिसमें जिला शिक्षा अधिकारी के निर्देशानुसार युक्तिकरण के तहत सभी विद्यालय को एक साथ प्रार्थना और एक साथ उपस्थिति में हस्ताक्षर करने हेतु निर्देशित किया गया। तत्पश्चात शासकीय प्राथमिक शाला एवं पूर्व माध्यमिक शाला सोनडोंगरी विद्यालय का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। जिसमें प्राथमिक शाला प्रधान पाठक एवं संकुल समन्वयक अनुपस्थित पाए गए।

तत्पश्चात प्राथमिक पूर्व माध्यमिक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रानो का निरीक्षण किया गया।

**सभी शिक्षकों को समय पर स्कूल आने और समय तक रुकने निर्देशित किया :** जिसमें सभी शिक्षक अपने विद्यालय में अध्ययन अध्यापन करते हुए पाए गए एवं भूषण लाल ढीमर व्याख्याता एवं भुनेश्वरी ठाकुर भृत्य अनुपस्थित पाए गए, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय परपोड़ी के अंतर्गत नए भवन लोकार्पण हो चुका है। परंतु संबंधित द्वारा अभी तक चाबी प्राचार्य को नहीं सौंपा गया है। जिसके लिए प्राचार्य को तत्काल नवीन विद्यालय में बच्चों के पठन-पाठन की आवश्यक कार्यवाही करने हेतु आवश्यक निर्देश दिये। साजा विकासखंड के शासकीय प्राथमिक शाला करमतरा का निरीक्षण किया गया।

### अनुपस्थित शिक्षक शिक्षिकाओं को शोकाज नोटिस जारी किया गया

निरीक्षण के दौरान संस्था के प्रधान पाठक चंद्रसेन पाटिल दिनांक 25 जुलाई से लगातार अनुपस्थित पाया गया। जिसके लिए उन्हें शोकाज नोटिस दिया गया एवं उसके पश्चात शासकीय प्राथमिक शाला धौराभाठा का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान संस्था के प्रधान पाठक विगत दो दिवस से अनुपस्थित पाए गए। जिसके लिए उन्हें कारण बताओ नोटिस दिया गया तथा साथ-साथ स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय साजा के नवनिर्मित भवन का भी निरीक्षण जिला शिक्षा अधिकारी बेमेतरा एवं सहायक संचालक एसपी कोशले, विकास खंड शिक्षा अधिकारी साजा निलेश चंद्रवंशी एवं बीआरसी बी डी बघेल की उपस्थिति में निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान नवनिर्मित भवन पूरी तरह से अस्त व्यस्त पाया गया। गाय एवं पशु जानवरों का जमावड़ा एवं गंदगी बहुत अधिक दिखाई दिया। जिसको दृष्टिगत रखते हुए विकास खंड शिक्षा अधिकारी एवं प्राचार्य एवं बीआरसी साजा को जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि अस्थाई रूप से उनके दरवाजे को ईट के माध्यम से बंद करते हुए नवनिर्मित भवन की सुरक्षा की जाए। अतः विभिन्न प्रकार के निर्देश समस्त विद्यालय को प्रदान किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी बेमेतरा के द्वारा समस्त शिक्षकों को निर्देश प्रदान किया गया शैक्षणिक सत्र 2025- 26 मुख्य रूप से मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता वार्षिक रूप मनाया जा रहा है इस पर विशेष फोकस एवं ध्यान देने के लिए समस्त शिक्षकों को निर्देशित गया। साथ ही साथ शिक्षकों को समय पर उपस्थिति और समय तक विद्यालय में रहने निर्देशित किया। सभी शिक्षक शिक्षिकाओं को शिक्षक दैनिंदनी नियमित रूप से बनाने को निर्देशित किया गया।

### पीएम आवास बेचने वालों पर होगी कड़ी कार्रवाई

**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) किफायती आवास के ''मोर मकान मोर आस'' एवं ''मोर मकान मोर चिन्हारी'' घटक के अंतर्गत किरायेदारी के रूप में निवास कर रहे परिवारों को योजना के तहत आवास आबंटन किया गया है। आबंटित आवास को 30 वर्षीय पटटे पर प्रावधिक रूप से एवं स्वयं के आवासीय उपयोग हेतु ही आबंटन किया जाता है । आबंटितों को आवास विक्रय करने अथवा पटटे, किराये, दान में देने अथवा अन्य किसी भी स्थिति में अन्य का अधिकार नहीं होगा। आबंटित आवास को स्वयं के निवास हेतु उपयोग करें यदि हितग्राही द्वारा किसी कारणवश आबंटित आवास छोड़कर जाने की स्थिति में अथवा अन्यत्र निवास स्थापित करने पर आबंटन स्वमेव रद्द हो जायेगा ।






## खबर संक्षेप



### नंदिनी आश्रम में किया गया प्रसादी वितरण

**दुर्ग।** संत आशाराम बापू द्वारा प्रेरित महिला उत्थान मंडल नंदिनी नगर की बहनों द्वारा सावन माह के तीसरे सोमवार पर शिवधाम कोड़िया में शिव भक्तों को प्रसादी, तुलसी पौधा एवं सुप्रचार साहित्य वितरण किया गया।

### सुराना महाविद्यालय में कारगिल विजय दिवस का आयोजन



**दुर्ग।** कारगिल विजय दिवस की 26वीं वर्षगांठ के अवसर पर सेठ आरसीएस कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा कारगिल विजय दिवस का आयोजन किया गया। 1999 के कारगिल युद्ध के दौरान सैनिकों की वीरता और सर्वोच्च बलिदान का सम्मान करते हुए कार्यक्रम का आयोजन किया गया । आयोजन के अंतर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवकों एवं सेविकाओं के साथ महाविद्यालय के विभिन्न कक्षाओं के छात्र छात्राओं को कारगिल युद्ध से संबंधित डॉक्यूमेंट्री फिल्म दिखाई गई। फिल्म के माध्यम से कारगिल युद्ध के दौरान सैनिकों की वीरता और सर्वोच्च बलिदान से छात्र छात्राएं अवगत हुए । इसके पश्चात प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रश्नों के उत्तर देने पर छात्र छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। आयोजन में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ पूजा मल्होत्रा, समस्त प्राध्यापकगण एवं एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी उपस्थित रहे।

### सुनी गई प्रधानमंत्री के मन की बात

**दुर्ग।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात का 124वां संस्करण का वार्ड नंबर 57 उरला में पार्षद सरस निर्मलकर के घर सामूहिक रूप से सुना गया। इस अवसर पर पूर्व पार्षद विजय जलकारे मौजूद रहे।

# सीमित संसाधनों के बावजूद छात्राएं सर्वोच्च विकास की ओर बढ़ रहीं:रंजना

**कन्या महाविद्यालय में दीक्षारंभ समारोह का आयोजन, शहर विधायक गजेंद्र यादव हुए शामिल**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

शासकीय डॉ. वावा पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में दीक्षारंभ समारोह का आयोजन नव-प्रवेशित छात्राओं एवं उनके अभिभावकों का स्वागत करने के लिए किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक गजेन्द्र यादव ने नव-प्रवेशित छात्राओं का सम्मान तिलक लगाकर किया। प्राचार्य डॉ. रंजना श्रीवास्तव ने कहा कि यह महाविद्यालय इस जिले का एकमात्र प्रतिष्ठित कन्या महाविद्यालय है, लेकिन इसके अनुरूप संसाधन नहीं है। सीमित संसाधन के बावजूद भी छात्राएं निरंतर सर्वोच्च विकास की ओर बढ़ते हुए नवीन कीर्तिमान स्थापित कर रही है। विशिष्ट अतिथि जनभागीदारी अध्यक्ष प्रीति साहू ने छात्राओं को अपने भविष्य को संवारने के लिए प्रयास करते रहने शुभकामनाएं दी।

#### गुरु-शिष्य के बीच होता है शिक्षा का आदान-प्रदान-विधायक

विधायक ने कहा कि मेरा सौभाग्य है कि मैं बेटियों के दीक्षारंभ संस्कार में उपस्थित हुआ हूं। महाविद्यालयों में गुरू शिष्य के मध्य शिक्षा का आदान-प्रदान, मनोयोग से प्रारंभ होता है। उसे दीक्षारंभ संस्कार के रूप में प्रारंभ किया गया है। उन्होंने छात्राओं के हित को ध्यान में रखते हुए पूर्ण सुविधाएं प्रदान करने की घोषणा की।



#### कॉलेज में सुविधाओं की दी जानकारी

डॉ. सुषमा यादव ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति, डॉ. अनिल जैन ने एण्टी रैगिंग, डॉ. अमिता सहगल ने छात्राओं के व्यक्तित्व विकास, डॉ. यशेश्वरी ध्रुव ने राष्ट्रीय सेवा योजना, युवा उत्सव, डॉ. ऋतु दुबे ने क्रीडा की गतिविधियों, डॉ. मंजूलता साव ने पुस्तकालय की सुविधाओं के बारे में जानकारी दी। महाविद्यालय की एम्बेसेडर छात्राओं तृप्ति साहू, वाणी, हेमलता, गोदावरी ने विचार रखे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. मिलिन्द अमृतफले ने किया। इस अवसर पर श्रीमती झरना वर्मा, दिनेश एवं महाविद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

**राहत : शिवनाथ नदी का महमरा एनीकट पर तीन फुट ऊपर पानी**

# दिनभर सावन की रिमझिम फुहार, आज से बदलेगा मौसम, बारिश से मिलेगी राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

**सिस्टम कमजोर, खंड वर्षा के हालात बनना शुरू**

सावन महीने में रिझझिम बारिश का नजारा ट्विनसिटी के लोगों ने इस बार देखा। सोमवार की रात बारिश शुरू हुई वह पूरे मंगलवार को दिनभर रूक-रूक कर होती रही।

मौसम विभाग के हिसाब से ऐसी स्थिति बुधवार को भी बनी रहेगी लेकिन राहत की बात यह है कि अब तेज बारिश नहीं होगी। इसलिए कि सिस्टम कमजोर हो गया है। खंड वर्षा के हालात भी बनना शुरू हो गए है। लगातार बारिश के बाद भी शिवनाथ नदी का महमरा एनीकट केवल तीन फीट ऊपर चल रहा है। वह भी इसलिए कि शिवनाथ नदी में राजनांदगांव, मोहला के बैराजों से 6 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा गया है।





#### 31 से खुल जाएगा मौसम

मौसम विभाग के मुताबिक 31 जुलाई से बादल छट जाएंगे और मौसम खुल जाएगा। इसलिए कि अब सिस्टम कमजोर होने लगा है। आने वाले दिनों में भी बारिश होगी लेकिन वह अलग-अलग क्षेत्रों में बनी रहेगी। झमाझम बारिश भी हो सकती है लेकिन कुछ ही देर के लिए। व्यापक मात्रा में वर्षा होने की स्थिति अब नहीं बन रही है। एक तरह से अगस्त महीने की शुरूआत होगी और इसे मानसून की बिदाई की ओर भी कह सकते हैं। पांच दिनों तक बारिश कहीं-कहीं क्षेत्रों में चलती रहेगी।

#### जनजीवन पर भी असर

दो दिनों से हो रही हल्की बारिश का असर जनजीवन पर भी दिखाई देने लगा है। सड़कों पर लोगों की आवाजाही कम हो गई है। लोग अपने घरों से जरूरी काम होने पर ही निकल रहे हैं। ट्विनसिटी का मार्केट भी सूना सा हो गया है। बाजार में खरीदारी कम हो गई है। दुकानदारों ने बताया कि जरूरी चीज ही लोग खरीदने आ रहे हैं।

#### इस तरह है सिस्टम सक्रिय

मौसम विभाग के मुताबिक एक द्रोणिका उत्तर पूर्व अरब सागर से दक्षिण बांग्लादेश तक गुजरात, उत्तर पश्चिम मध्य प्रदेश के ऊपर स्थित निम्न दाब के केंद्र, झारखंड और उससे लगे उत्तरी छत्तीसगढ़, और गंगेटिक पश्चिम बंगाल होते हुए 3.1 किलोमीटर ऊंचाई पर स्थित है। मानसून द्रोणिका माध्य समुद्र तल पर श्रीगंगानगर, दिल्ली, उत्तर पश्चिम मध्य प्रदेश के ऊपर स्थित निम्न दाब के केंद्र, सतना, डाल्टनगंज, जमशेदपुर, दीघा और उसके बाद पूर्व दक्षिण पूर्व की ओर उत्तर पूर्व बंगाल की खाड़ी तक स्थित है। एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण गंगेटिक पश्चिम बंगाल और उसके आसपास 5.8 किलोमीटर से 7.6 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है ।

# संभाग आयुक्त ने किया केन्द्रीय जेल का औचक निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

संभाग आयुक्त सत्यनारायण राठौर ने केन्द्रीय जेल दुर्ग का औचक निरीक्षण कर जेल की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने बंदियों से चर्चा कर उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली।

■ सजायाफ्ता 1069 बंदी जिसमें 40 महिला

इस अवसर पर एसडीएम हरवंश सिंह मिरी और एसडीएम दुर्ग शहर उत्तम ध्रुव भी मौजूद थे। संभाग आयुक्त श्री राठौर ने जेल परिसर अंदर जेल प्रशासन द्वारा बंदियों के लिए संचालित सिलाई केन्द्र, प्रिंटिंग प्रेस कक्ष, फोल्डर बाइंडिंग कक्ष, कारपेन्टर कक्ष, वेल्डिंग कक्ष, हैण्डलूम कक्ष का अवलोकन किया। जेल अधीक्षक मनीष शांभकर ने अवगत कराया कि जेल में आने वाले बंदी जो उक्त कार्यों में रूचि रखते है, उन्हें रोटेशन अनुसार काय करने का अवसर दिया जाता है। बंदियों द्वारा निर्मित सामग्रियों को जेल प्रशासन द्वारा विभिन्न कार्यालयों में मांग के अनुसार आपूर्ति की जाती है। संभाग आयुक्त श्री राठौर ने निरीक्षण के दौरान परिसर स्थित जेल अस्पताल का भी अवलोकन किया और भर्ती मरीजों के बीमारी एवं उपचार आदि के संबंध में जानकारी ली।

#### जेल की व्यवस्थाओं से हुए रु-ब-रु

बंदियों द्वारा संचालित कम्प्यूटर कक्ष तथा जेल परिसर स्थित वीडियो कांफ्रेंसिंग कक्ष, कार्यालय जेल अधीक्षक व नियंत्रण कक्ष का अवलोकन कर जेल में बंदियों की निगरानी की जानकारी ली। संभाग आयुक्त ने सामान्य बंदी बैरक का भी अवलोकन किया और बंदियों से पेयजल एवं अन्य व्यवस्था के संबंध में रू-ब-रू चर्चा कर जानकारी ली। ज्ञात हो कि वर्तमान में केन्द्रीय जेल दुर्ग में विभिन्न सजा याफ्ता 1069 बंदी है। जिसमें 40 महिला बंदी भी शामिल है।

### मुरमुन्दा में कलस्टर स्तरीय विशेष शिविर आज

**दुर्ग।** सुशासन तिहार 2025 अंतर्गत प्राप्त आवेदनों, विषयों के निराकरण की जानकारी के लिए ग्राम मुरमुन्दा में 30 जुलाई को क्लस्टर स्तरीय विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। उक्त शिविर में संबंधित विभागों के अधिकारी-कर्मचारियों को निर्धारित समय से पूर्व उपस्थित सुनिश्चित करने कहा गया है।

# तहसीलदार व नायब तहसीलदार हड़ताल पर, कार्यालयों में कामकाज प्रभावित रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

छ.ग. कनिष्ठ प्रशासनिक सेवा संघ के बैनरतले तहसीलदार एवं नायब तहसीलदारों ने प्रदेशव्यापी धरना-प्रदर्शन के तहत संसाधन नहीं तो काम नही सहित 17 सूत्रीय मांगो को लेकर हड़ताल पर हैं। हड़ताल के दूसरे दिन दुर्ग संभाग के तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार दुर्ग के जिला पंचायत कार्यालय के सामने जुटे। उन्होने धरना देकर अपनी मांगो पर आवाज बुलंद की। हड़ताल के पहले दिन जिला स्तर पर धरना-प्रदर्शन कर राज्य सरकार की नीतियों को लेकर विरोध जताया गया था। कल 30 जुलाई को तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार अपनी मांगो को लेकर प्रदेश स्तर पर धरना प्रदर्शन करेंगे। दुर्ग संभाग के तहसीलदार एवं नायब तहसीलदारों के मंगलवार को दूसरे दिन भी हड़ताल पर रहने से तहसील कार्यालयों में कामकाज भी प्रभावित हुए। इससे लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

■ आज प्रदेश स्तर पर धरना प्रदर्शन




#### तहसीलदार अड़े मांगों को लेकर, आज भी प्रदर्शन

तहसीलदार एवं नायब तहसीलदारों के मांगो में सभी तहसीलों में स्वीकृत सेटअप की पदस्थापना, तहसीलदार से डिप्टी कलेक्टर पद पर पदोन्नति, नायब तहसीलदार पद को राजपत्रित करने, ग्रेड पे में शीघ्र सुधार, शासकीय वाहन की उपलब्धता, निलंबन से बहाली, न्यायालयीन प्रकरणों में आदेंशों का पालन,न्यायालयीन आदेशों पर एफआईआर नहीं, न्यायालय में उपस्थिति हेतु व्यवस्था,मानदेय भुगतान एवं नियुक्ति, प्रशिक्षित ऑपरेटर की नियुक्ति, एसएलआर और एएसएलआर की बहाली, व्यक्तिगत मोबाइल नंबर की गोपनीयता, सुरक्षाकर्मी की तैनाती, सड़क दुर्घटना में आर्थिक सहायता राशि 25 हजार तत्काल भुगतान, संघ को मान्यता दी जाए, विशेषज्ञ कमेटी का गठन शामिल है। हड़ताल में दुर्ग संभाग से तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

# कई दिनों से बंद पड़ी है इंदिरा मार्केट ट्यूबलर पोल की लाइटें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग



शहर के मुख्य मार्ग पुराना बस स्टैंड से लेकर शिवम मॉल तक लगाए गए ट्यूबलर पोल जिसमें मध्यानी ऑटो के सामने से लेकर होटल शीला तक 7 पोल की लाइट कई दिनों से बंद पड़ी है। छत्तीसगढ़ मंच दुर्ग के अध्यक्ष ईश्वर सिंह राजपूत, सचिव तुलसी सोनी ने उक्त मार्ग पर बंद पड़ी हुई कई लाइटों को बदलने तथा ज्यादा वाट की लाइट लगाने की मांग महापौर अल्का बाघमार, सभापति श्याम शर्मा एवं एमआईसी सदस्य ज्ञानेश्वर ताम्रकार से की है। मंच के अध्यक्ष ईश्वर सिंह राजपूत ने बताया कि उक्त मार्ग पर अभी विगत 3 माह पहले ही लगी ट्यूबलर पोल की कई लाइटें बंद पड़ी हुई है जिससे यहां पर अंधेरा व्याप्त रहता है। मार्ग में मवेशी भी बैठे रहते हैं जिससे दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। मांग करने वालों में मंच के दिनेश जैन, रमन सिंह, गुलाब चौहान, ललित वर्मा, युनुस चौहान, त्रिलोक सोनी, संजय खंडेलवाल, हरीश सोनी, अनिल शर्मा, बाबू भाई, गुरमीत सिंग भाटिया, मोहन सिन्हा सहित अन्य लोग शामिल हैं।

# आयुक्त ने प्रधानमंत्री आवास योजना के अधूरे कार्यों पर जताई नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

नगर निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत आयुक्त सुमित अग्रवाल ने शहर भ्रमण की शुरुआत की। निरीक्षण में उनिगम के विभिन्न विभागों के जिम्मेदार अधिकारी भी मौजूद थे।

■ सरस्वती नगर व गणपति विहार में आवास का निरीक्षण

आयुक्त श्री अग्रवाल ने प्रधानमंत्री आवास योजना (एएचपी) के अंतर्गत सरस्वती नगर और गणपति विहार में निर्मित आवासीय साइट का निरीक्षण किया।

इस दौरान परियोजना से जुड़े सभी अधिकारियों और सिटी लेवल टेक्निकल सेल की टीम भी उपस्थित रही। निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने निर्माण कार्यों में हो रही देरी और अपूर्ण कार्यों पर नाराजगी जताई। उन्होंने बिजली, पानी, सड़क, नाली और अन्य मूलभूत सुविधाओं से संबंधित अधूरे कार्यों की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी सुविधाओं को जल्द से जल्द पूरा कर परियोजना को समयसीमा के भीतर पूरा किया जाए। आयुक्त ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत जिन पात्र हितग्राहियों को आवास आवंटित किए जाने हैं, उन्हें किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। आयुक्त ने निर्देश दिया कि साइट पर नियमित निरीक्षण करते हुए कार्य की गुणवत्ता और प्रगति पर नजर रखी जाए तथा निर्माण कार्यों को पारदर्शी और समयबद्ध ढंग से पूर्ण किया जाए, ताकि हितग्राहियों को शीघ्र ही आवास आवंटन की प्रक्रिया पूरी की जा सके।



**कलेक्टर ने की समय-सीमा के प्रकरणों की समीक्षा, दिए निर्देश**

# पावरग्रिड प्रभावित किसानों को मुआवजा राशि का कराएं भुगतान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

कलेक्टर अभिजीत सिंह ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में अधिकारियों की बैठक लेकर समय-सीमा के लंबित प्रकरणों की विभागवार समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को विभागों को प्राप्त आवेदनों का निराकरण समय-सीमा के भीतर करने के निर्देश दिये।

■ विभागों में कंडम गाड़ी को अपलेखन कराने के निर्देश

कलेक्टर श्री सिंह ने पावरग्रिड प्रभावित किसानों को मुआवजा राशि के संबंध में सभी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को 400 केव्ही डबल सर्किट पावरग्रिड रायपुर पुल धमतरी संचरण लाइन निर्माण कार्य अंतर्गत टावर स्थापना व तार के नीचे प्रभावित भूमि का मुआवजा भुगतान कराने और अद्यतन भुगतान राशि की जानकारी देने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि संबंधित अनुभाग अंतर्गत आरबीसी 6.4 के अंतर्गत लाभान्वित हितग्राहियों की जानकारी भी उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री निवास से प्राप्त आर्थिक सहायता राशि के प्रकरण लंबित न हो, यह सुनिश्चित किया जाए। कलेक्टर श्री सिंह ने निर्वाचन के दौरान प्राप्त शिकायतों के निराकरण की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि त्रिस्तरीय पंचायत एवं नगरीय निकाय आम निर्वाचन 2025 के दौरान प्राप्त शिकायतों का भी निराकरण कर अवगत कराएं। बैठक में सहायक कलेक्टर अभिजीत बबन पठारे, एडीएम विरेन्द्र सिंह, जिला पंचायत के सीईओ बजरंग दुबे, नगर निगम दुर्ग आयुक्त सुमीत अग्रवाल, नगर निगम रिसाली आयुक्त मोनिका वर्मा, संयुक्त कलेक्टर हरवंश मिरी एवं सिल्ली थॉमस आदि मौजूद थे।

#### विभाग में कंडम वाहन न रहे शेष

कलेक्टर अभिजीत सिंह ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप 15 वर्ष से अधिक चली शासकीय वाहनों का अपलेखन किया जाना है। उन्होंने जिले के विभिन्न विभागों में अभी भी अपलेखन होने से 12 लंबित वाहनों को संबंधित विभागीय अधिकारियों को जिला परिवहन कार्यालय के माध्यम से अपलेखन कराने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि सभी विभागीय अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि विभाग में अपलेखन हेतु कंडम वाहन शेष न रहे। उन्होंने समीक्षा के दौरान एसडीएम एवं जनपद सीईओ को संबंधित क्षेत्र में कृषि मजदूर कल्याण योजना अंतर्गत पात्र हितग्राहियों का परीक्षण करा लेने के निर्देश दिये।



#### रामलला दर्शन तीर्थयात्रा के लिए तैयारियां करें पूरी

कलेक्टर श्री सिंह ने राशन कार्ड केवायसी के संबंध में कहा कि ऐसे राशन कार्ड जिनका केवायसी नहीं हुआ है सत्यापन कराएं और शासन के मार्गदर्शी निर्देशों के तहत कार्यवाही सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने कहा कि सामाजिक सुरक्षा पेंशन, हितग्राहियों का आधार सीडिंग कराये। साथ ही फिंगरप्रिंट के कारण लंबित हितग्राहियों की जानकारी शासन को प्रेषित की जाए। कलेक्टर ने आगामी माह प्रस्तावित संभाग से रामलला दर्शन तीर्थयात्रा हेतु सभी आवश्यक तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिये।

#### स्वतंत्रता दिवस की तैयारी, अधिकारियों को सौंपे दायित्व

बैठक में स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त के लिए अधिकारियों को कार्यभार दायित्व सौंपे गये। राज्य गठन के 25 वर्ष पूर्ण होने पर रजत जयंती कार्यक्रम आयोजन के संबंध में अवगत कराया गया। साथ ही अधिकारियों को विभागीय कार्य गतिविधियों की रूपरेखा शीघ्र कलेक्टोरेट में जमा कराने कहा गया। सुशासन तिहार के लंबित आवेदनों के निराकरण की जानकारी देने 30 जुलाई को मुरमुंदा में आयोजित विशेष शिविर में सभी अधिकारियों को उपस्थिति सुनिश्चित करने कहा गया है।

# वार्ड 57 एवं 58 में समस्या समाधान शिविर 31 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत वार्ड क्रमांक 57 एवं 58 के आईएचएसडीपी के हॉल मे शासकीय योजनाओं के कियान्वयन एवं कामकाज में पारदर्शिता के लिए एक दिवसीय जनसमस्या एवं सामाधान शिविर का आयोजन 31 जुलाई को सुबह 10 से दोपहर 2.30 बजे तक किया जाएगा। इस कार्य के लिए महापौर अलका बाघमार के मार्गदर्शन एवं आयुक्त सुमित अग्रवाल ने निर्देश जारी कर इस कार्य के क्रियान्वयन के लिए उपायुक्त मोहेंद्र साहू को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। शिविर का नागरिक लाभ ले सकते हैं। स्वास्थ्य विभाग से संबधित राशन कार्ड, निराश्रित पेंशन, आईएचएसडीपी और लाइसेंस विभाग, बाजार विभाग, पीएमएवाय आवास, भवन शाखा, जल विभाग, विद्युत विभाग एवं एनयूएलएम, आयुष्मान, पीएम स्वनिधि के लिए वार्ड के नागरिक आवेदन लेकर शिविर में समस्या से संबंधित समाधान करवा सकते है। महापौर अलका बाघमार एवं आयुक्त सुमित अग्रवाल ने कहा कि प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से लिया जायेगा और यथाशीघ्र समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने विद्युत विभाग को शिविर स्थल में माइक, पंखा व लाइट आदि व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं।

■ नागरिक समस्याओं का करवा सकते हैं समाधान

# घटिया निर्माण की पोल खुली, डोम शेड का कॉलम उखड़वाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

रिसाली निगम में डोम शेड निर्माण में बड़ी धांधली उजागर हुई है। दस मीटर ऊंचाई वाले डोम शेड को खड़ा करने के लिए महज दो फीट गहराई में बेस दिया गया और कॉलम खड़ी कर दिया। कॉलम में भी सरिया मिक्स इस्तेमाल किया। मामले की जांच अभियंताओं से करवाई गई तो घटिया निर्माण की पोल खुली।निगम आयुक्त रिसाली मोनिका वर्मा को पूरा कॉलम ही उखवाड़ा पड़ा। इस घटिया निर्माण पर निर्माण एजेंसी दीवान कंस्ट्रकशन को नोटिस जारी किया गया है।

### इंटरनेशन कॉलोनी तालपुरी में चल रहा निर्माण

इंटरनेशनल कॉलोनी बी ब्लाक तालपुरी में निर्माणाधीन डोम शेड के कॉलम को न केवल उखड़वाया बल्कि नए सिरे से कॉलम व बेस बनाने के निर्देश दिए है। जांच में घोर लापरवाही होने में निर्माण एजेंसी दीवान कंस्ट्रक्शन के संदीप साहू के सामने जेसीबी की मदद से डोम शेड निर्माण के लिए खड़े किए 10 कॉलम को उखाड़ कर नए सिरे से कॉलम तैयार करने के निर्देश दिए।

### दस मीटर ऊंचाई वाले डोम शेड की नींव मात्र 2 फीट गहरी मिली

#### ऐसे हुआ खुलासा

आयुक्त मोनिका वर्मा निर्माण कार्यो को समय अवधी में पूरा करने अभियंताओं की बैठक ली। बैठक में प्रस्तुत सूची के आधार पर ही आयुक्त मौके पर पहुंची। तालपुरी बी ब्लाक में डोम शेड के लिए तैयार किए जा रहे कॉलम को देखने के बाद आयुक्त ने तत्काल सहायक अभियंता समेत उप अभियंता को मौके पर उपस्थित होकर जांच के निर्देश दिए।

#### 20 लाख का कार्य आदेश की भी जांच

निगम ने दीवान कंस्ट्रक्शन को इंटरनेशनल कॉलोनी क्लब हाऊस के पास कार्य करने 20 लाख का कार्य आदेश जारी किया है। इस कार्य आदेश में हाई मास्क लाइट लगाने का कार्य पूर्ण हो चुका है। वहीं क्लब हाऊस के पास डोम शेड निर्माण कार्य को दीवान कंस्ट्रक्शन के संदीप साहू ने कुछ दिन पूर्व शुरू किया है। डोम शेड की लागत लगभग 8 लाख होना बताया गया। आयुक्त वर्मा ने प्रत्येक निर्माण कार्य को सूक्ष्मता से जांच करने के निर्देश दिए है।

#### 5 फीट गहराई का दावा, जांच में 2 फीट

तालपुरी बी ब्लाक में स्थित क्लब हाऊस के पास 15 मीटर बाई 10 मीटर डोम शेड का निर्माण कार्य करने कार्य आदेश जारी किया गया है। इस कार्य के लिए निर्माण एजेंसी ने डोम शेड के लिए लोहे का पिल्हर खड़ी करने बेस तैयार किया था। बेस की गहराई 5 फीट से अधिक होना था, किन्तु जांच में गहराई दो फीट निकली।



**कॉलम के सरिया में भी खेल** कॉलम एवं बेस के लिए सरिया नियमतः 12 एम.एम. का होना चाहिए किन्तु ठेकेदार ने 8 एम.एम. और 10 एम.एम. के मिक्स सरिया का उपयोग किया था। ठेकेदार की इस मनमानी पर भी अभियंताओं ने जमकर फटकार लगाई।

## खबर संक्षेप

### गुणवत्ता कार्यस्थल प्रबंधन परियोजना स्पर्धा का आगाज



**भिलाई।** बीएसपी के व्यवसायिक उत्कृष्टता विभाग ने मानव संसाधन विकास केंद्र में तक गुणवत्त पर तीन दिवसीय कार्यस्थल प्रबंधन परियोजना प्रतियोगिता का उद्घाटन तापस दासगुप्ता ने किया। सीजीएम संदीप माथुर व महाप्रबंधक मनोज कुमार विशिष्ट अतिथि थे। सूत्रधार ग्रुप द्वारा सुरक्षा पर आधारित लघु नाटिका का मंचन भी किया गया।
कार्यक्रम में संयंत्र से क्यूसी, एलक्यूसी और 5 -"एस" की कुल 74 टीमें इस वार्षिक इन-हाउस प्रतियोगिता में भाग ले रही हैं, जो इस वर्ष पांच अलग-अलग स्ट्रीम में आयोजित की जा रही है, जिसमें तीन प्लांट लेवल क्वालिटी सर्कल के लिए, एक लीन क्वालिटी सर्कल के लिए, और एक 5-एस स्तरों के लिए प्रतियोगिता शामिल है। तापस दासगुप्ता ने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताओं में बढ़ी हुई भागीदारी अपेक्षित है, क्योंकि इससे कर्मचारी जुड़ाव को बढ़ावा मिलता है और कार्य कुशलता बढ़ती है।
श्री माथुर ने कहा की पिछली बार 52 टीमों ने भाग लिया था वहीं इस बार 74 टीमों ने भाग लिया है, जो इसके महत्व को दर्शाता है । मनोज कुमार ने गुणवत्ता-कार्यस्थल प्रबंधन परियोजना प्रतियोगिता के महत्व पर बात की। उप महाप्रबंधक पीके साहू व रवि कुमार ने कार्यक्रम का संचालन किया व उप-प्रबंधक सुरैय्या एस कादर ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

### पंजीयन अवधि तक बीएसपी मान्य करें कॉन्ट्रेक्टर का गेटपास

**भिलाई।** स्टील प्लांट कॉन्ट्रेक्टर एसोसिएशन ने एक बार फिर भिलाई इस्पात संयंत्र प्रबंधन से लंबित समस्याओं के निदान की मांग की है। पीवीसी लागू करने और गेट पास संबंधी मांगों के निदान पर जोर दिया। एसोसिएशन के अध्यक्ष अध्यक्ष केए अब्दुल कादर के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को बीएसपी के औद्योगिक संबंध विभाग के जीएम जेएन ठाकुर औ विकास चंद्रा के साथ बैठक कर विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। ठेकेदारों के गेटपास की अवधि को पंजीयन तक बरकरार रखने, कांट्रेक्ट शेड्यूल रेट (सीएसआर) के आधार पर कार्य देने और प्राइस वेरिएशन क्लॉज (पीवीसी) लागू करने की मांग की। एसोसिएशन ने एचएससीएल के बजाए पंजीकृत ठेकेदारों से ही बीएसपी में ठेका मजदूरों की आपूर्ति की मांग रखी।

### एमआईसी की मंजूरी व पूर्व कलेक्टर के आश्वासन बाद भी भिलाई नगर स्टेशन में शिफ्ट नहीं हुई मंडी

# आकाशगंगा सब्जी मंडी बनी ट्रेंचिंग ग्राउंड बारिश में कारोबार करना हुआ मुश्किल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

नगर निगम भिलाई और जन प्रतिनिधियों की उदासीनता की कीमत अंचल के सबसे बड़े सब्जी मार्केट आकाशगंगा थोक सब्जी मंडी सुपेला के व्यवसायियों को चुकानी पड़ रही है। आसपास बसाहट व व्यवसाय बढ़ने के साथ मंडी के लिए जगह छोटी पड़ने के साथ ट्रेंचिंग ग्राउंड में तब्दील होती जा रही है। बारिश में व्यवसाय करना मुश्किल होता जा रहा है। पिछले लंबे समय से सब्जी मंडी को शिफ्ट किए जाने की व्यवसायियों की मांग की बाद भी नगर निगम उदासीन बना हुआ है। आकाशगंगा थोक सब्जी मंडी समिति ने मंडी की बुनियादीस समस्याओं के निदान के साथ जल्द शिफ्ट किए जाने की मांग की है।

उल्लेखनीय है कि वर्ष 1992 में तत्कालीन साडाध्यक्ष सत्यनारायण अग्रवाल के कार्यकाल में पावरहाउस से आकाशगंगा में सब्जी मंडी को स्थानांतरित किया गया था। इसे राज्य की सबसे बड़ी मंडी के रुप में विकसित किए जाने की घोषणा की गई थी। थोक व्यवसायियों की तादाद 25 से बढ़कर 2 सौ हो गई है। इस दौरान व्यवसाय और आसपास बसाहट बढ़ने के साथ मंडी छोटी पड़ने तथा बुनियादी समस्याओं के बढ़ने से मंडी समिति द्वारा भिलाई नगर स्टेशन के निकट शिफ्टिंग की मांग की जा रही है। व्यवसायियों ने बताया ननि के 2022-23 के बजट में शिफ्टि। कई बार कलेक्टर मीणा के 6 माह में शिफ्टिंग के आश्वासन व जन प्रतिनिधियों वादे के बाद भी परिणाम शिफर है। पिछले 10 साल से बुनियादी सुविधाओं के बदतर होने से सब्जी व्यवसायियों के लिए व्यवसाय करना बेहद कठिन हो रहा है। लेकिन निगम व जन प्रतिनिधि अकर्मण्य बने हुए हैं। मंडी में बजबजाती गंदगी, नाली, सड़क, पेयजल, स्ट्रीट लाइट, कब्जे, प्रसाधन, पार्किंग आदि की समस्या लाइलाज बनी हुई है।



### ननि का बाउंड्रीवाल कचरे से अटा

आकाशगंगा सब्जी मंडी में अस्वस्छता की सबसे बड़ी समस्या है। चारों ओर भारी कचरे से गंदगी व बदबू के चलते मंडी किसी ट्रेंचिंग ग्राउंड की तरह नजर आती है। व्यवसायियों ने बताया कि निगम की बाउंड्री के पास निगम कचरा फेर रहा है। बजबजाती नालियां व सड़कें जर्जर होने से बारिश में जलजमाव की समस्या है। कई स्ट्रीट लाइट खराब होने से चोरी व छिटपुट दुर्घटनाएं हो रही हैं। पार्किंग नहीं होने से ट्रकें आदि गाड़ियों को ओवरब्रिज के निकट हाइवे में खड़ी करना पड़ रहा है। ट्रैफिक पुलिस की चालानी कार्रवाई से व्यवसायी परेशान हैं। लोडिंग अनलोडिंग की भी भारी परेशानी हो रही है। प्रसाधन नहीं होने से महिलाओं को असुविधा हो रही है, बोरिंग की समस्या से पेयजल के लिए भटकना पड़ रहा है।

### कब्जों को लेकर उदासीन

सब्जी मंडी में अवैध कब्जे की भी समस्या बढ़ रही है। व्यवसायियों ने बताया कि कब्जो को लेकर नगर निगम कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है। वहीं आवारा मवेशियों की घुसपैठ से कई हमाल, रेजा व कर्मचारी घायल हो चुके हैं। सब्जी मंडी की सभी समस्याओं का जल्द निगम निदान करे । पूर्व विधायक स्व. विद्यारतन भसीन के विधायक निधि से मंडी में मोटरपंप लगाया गया था, जिसे कब्जाधारी ने तोड़ दिया है। मंडी के भिलाई नगर स्टेशन निकट जल्द शिफ्टिंग से ही व्यवसायियों को समस्याओं से निजात मिलेगी। इससे व्यवसायियों और मंडी कर्मचारियों को राहत मिलेगी। मंडी में सुबह 4 घंटे तक भीड़-भाड़ रहती है।

### शिफ्टिंग में मिले सभी का सहयोग

आकाशगंगा थोक सब्जी मंडी में बढ़ रही बुनियादी समस्याओं के कारण बारिश में व्यवसाय करना दूभर होता जा रहा है। परेशानियों को देखते हुए नगर निगम, जिला प्रशासन, शासन तथा जन प्रतिनिधियों से सब्जी मंडी को जल्द भिलाई नगर स्टेशन में स्थानांतरित करने में मदद की अपेक्षा है। शिफ्टिंग तक यहां सफाई व पार्किंग सहित सभी समस्याओं का निदान कराया जाए। **-रवि सिंह** अध्यक्ष, आकाशगंगा थोक सब्जी मंडी समिति

### सुपेला सब्जी मंडी अवैध दुकान तोड़ने पहुंची निगम की टीम, बैरंग लौटी



**भिलाई।** सुपेला में संचालित आकाशगंगा सब्जी मंडी में बेजा कब्जा करके दुकान संचालित किए जाने के मामले में भिलाई नगर निगम के जोन 1 के राजस्व अधिकारी अजय शुक्ला कार्रवाई करने पहुंचे। निगम के अधिकारी ने पूरे मामले को समझा और माना की नारायण सिंह वेजिटेबल कंपनी (एनवीसी) के संचालक अमित सिंह ने पार्किंग और निगम के प्याऊ वाली जगह पर कब्जा करके बांस बल्ली से अवैध दुकान बना ली है। अजय शुक्ला ने मंडी स्थल से अमित सिंह को फोन लगाया और दुकान पर बुलाया, लेकिन वो वहां नहीं पहुंचा। अजय शुक्ला ने इसके बाद जोन 1 आयुक्त को इसी जानकारी दी। जोन आयुक्त के निर्देश पर अब निगम की टीम एनवीसी के संचालक को अवैध दुकान बनाने के संबंध में नोटिस देकर जवाब मांगेगी। यदि वो आवंटन से संबंधित दस्तावेज नहीं दे सका तो निगम की टीम उसकी दुकान को तोड़ देगी। दोबारा वहां कब्जा करने पर उसके खिलाफ जुर्माने की भी कार्रवाई जाएगी।

■ राजस्व अधिकारी ने कब्जे का किया निरीक्षण

## कुर्मी समाज ने मनाई डॉ. खूबचंद बघेल की 125 वीं जयंती



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेरला

छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज धमधा राज द्वारा रविवार को ग्राम आनंदगाँव में डॉ. खूबचंद बघेल की 125 वीं जयंती मनाई गई। कार्यक्रम की शुरुआत सांस्कृतिक प्रभारी दिलीप टिकरिहा छत्तीसगढ़िया के द्वारा राज गीत गायन के साथ की गई। जिसके बाद कार्यक्रम के मुख्य अतिथियों द्वारा छत्तीसगढ़ महतारी एवं डॉ. खूबचंद बघेल की तैल चित्र पर माल्यार्पण किया गया। जिसके पश्चात राजप्रधान सत्यभामा परगनिहा ने अपने उद्बोधन में डॉ. खूबचंद बघेल को स्मरण करते हुए उनके जीवन परिचय का बखान किया और कहा कि आज के लोगों को उनके आदर्श पर चलने की आवश्यकता है वे केवल कुर्मी समाज के ही नही अपितु सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ के पुरोधा है।

भुत पूर्व राजप्रधान पूर्व केंद्रीय अपील प्रभारी समाज के संरक्षक तोरण नायक ने डॉ. खूबचंद बघेल को स्मरण करते हुए उनके जीवन के कई घटनाक्रमों का उल्लेख करते हुए बताया कि उन्होंने अपनी नौकरी त्यागकर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के रूप में महान कार्य किया। इस कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष माधुरी रवि परगनिहा, जनपद उपाध्यक्ष शुभम वर्मा, जनपद सभापति सीमा टिकरिहा, पूर्व जनपद अध्यक्ष हीरादेवी वर्मा, ग्राम पंचायत आनंद गाँव सरपंच चन्द्रकिरण नायक, राजमन्त्री राम हृदय वर्मा, उपराजप्रधान अश्वनी वर्मा, सहसचिव इलेन्द्र वर्मा, युवाध्यक्ष शिब्बू वर्मा, टिकेन्द्र परगनिहा, सुरेश नायक, मिडिया प्रभारी विकास कश्यप, काजल कश्यप, लोकगायक दिलीप टिकरिहा, देवेश टिकरिहा आदि मौजूद रहें। सम्पूर्ण कार्यक्रम का शानदार संचालन कवि ललित टिकरिहा के द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत में मुख्यातिथियों के द्वारा पौधा रोपण किया गया।

## ढनढनी स्कूल में नाग पंचमी मनाई गई



**नवागढ़।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला ढनढनी में नाग पंचमी का पर्व पारंपरिक श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने मिट्टी से नाग की सुंदर प्रतिमा बनाई और विधिवत पूजा-अर्चना की।

कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों ने सांपों के महत्व पर प्रकाश डाला। बताया गया कि सांप किसान के मित्र होते हैं, जो खेतों में कीड़ों और चूहों को खाकर फसल की रक्षा करते हैं। इसलिए उन्हें मारना नहीं चाहिए। विद्यार्थियों को विषहीन और विषैले सांपों की प्रजातियों की जानकारी भी दी गई। शिक्षकों ने समझाया कि प्रकृति में हर जीव का अपना स्थान और महत्व होता है, इसलिए सभी जीवों का संरक्षण और सम्मान आवश्यक है। इस अवसर पर प्रधानपाठक पवन कुमार साहू, शिक्षक चंद्र प्रकाश चतुर्वेदी, फूलसिंह जायसवाल और राजकुमार यादव उपस्थित रहे।

## हसदा में जिला स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



बेरला ब्लॉक के ग्राम हसदा में जिला स्तरीय खो-खो प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। यह प्रतियोगिता जिले के युवाओं में खेल भावना को प्रोत्साहित करने एवं पारंपरिक खेलों के संरक्षण के उद्देश्य से आयोजित की गई है। उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर जनपद सदस्य रेखा पोषण सिन्हा एवं संध्या परगनिहा शामिल रहे। इस प्रतियोगिता में जिले भर से आए टीमों ने जहां भाग लिया वही पहले दिन हुए मुकाबले में साजा एवं बेरला ब्लॉक के टीमों के बीच रोमांचक मुकाबला देखने को मिला, इस अवसर पर जनपद सदस्य रेखा पोषण सिन्हा ने कहा "खेल हमारे जीवन का अभिन्न हिस्सा हैं, ये न केवल शारीरिक विकास में सहायक होते हैं बल्कि टीम भावना, अनुशासन और नेतृत्व क्षमता को भी बढ़ावा देते हैं।"भाजपा पूर्व प्रदेश मंत्री संध्या परगनिहा ने सभी प्रतिभागियों को बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना किए। शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष बलिराम धीवर ने बताया कि बेमेतरा जिला में हसदा स्कूल में सबसे बड़ी राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी का होना शाला के लिए गर्व का विषय है वहीं विजेता टीम को जिला स्तर पर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने का अवसर मिलेगा। ग्राम हसदा के ग्रामीणों ने भी आयोजन में सक्रिय सहयोग प्रदान किया और बड़ी संख्या में दर्शकों के तौर पर दुर्गेश वर्मा, ईश्वर निर्मलकर,रग्बी कोच आकाश वर्मा ,पंकज वर्मा ,अजय निर्मलकर,लक्ष्मीनाथ वर्मा,खो खो कोच लोकेश्वर राव, रामेश्वरी साहू प्राचार्य दुष्यंत परगनिहा सहित अन्य खिलाड़ी व ग्रामीण मौजूद रहे।

## भिंभौरी में विद्युत विभाग के कर्मचारियों ने किया पौधारोपण



**बेरला।** भिंभौरी सब डिवीज़न के अंतर्गत मंगलवार को सहायक अभियंता ए रात्रे, कनिष्ठ अभियंता चारुलता सिन्हा, टेक्निकल स्टॉफ देव वर्मा, शोभाराम सिंह, यशवंत निषाद सहित समस्त उपभोक्ता की उपस्थित में एक पेड़ मां के नाम योजना के तहत आम, जाम, बादाम इत्यादि 40 पौधों का रोपण किया गया।

### पार्षद मिश्रा ने की आरटीई में अपात्र बच्चों की जांच की मांग

**भिलाई।** जोन 2 सेक्टर 11 भिलाई में आरटीई के दस्तावेजों को बिना परीक्षण निरस्त करने की जांच की मांग की है। स्थानीय पार्षद पीयूष मिश्रा ने जिला शिक्षा अधिकारी को इसकी शिकायत की है। पार्षद की शिकायत पर सहायक नोडल अधिकारी मणिकांत साहू को जिला शिक्षा अधिकारी ने नोटिस जारी कर फिर से ऐसे बच्चों के दस्तावेजों की जांच करने कहा है। पार्षद मिश्रा ने कहा है कि मेरे वार्ड में 16 ऐसे गरीब बच्चों को निजी स्कूल में प्रवेश इसलिए नहीं मिला क्यों कि सहायक नोडल अधिकारी द्वारा उनके दस्तावेजों के हिसाब से सही सर्वे की नहीं किया गया। इनमें से कई बच्चों के माता पिता को पीएम आवास मिला है। उन्हे रिजेक्ट कर दिया गया।

पेज 11 का शेष

### 20 एमएम गिट्टी 525 रुपए ...

को गिट्टी उपलब्ध कराया जाए। ज्ञापन देने के दौरान शिवसेना के जिला प्रमुख गिरवर रजक, जिला प्रमुख रामचरण वर्मा, ईश्वर साहू, जिला महासचिव डोमेन्द्र राजपूत, जिला मीडिया प्रभारी लक्ष्मण राजपूत, जिला सचिव सुनील सेन, विधानसभा प्रमुख नारायण साहू, ब्लॉक अध्यक्ष कुलदीप आडिल, छबीरम यादव, जिला सचिव दिलीप रजक, वीरू चौहान, रमेश रात्रे, सनत, दानी यादव, दुखित वर्मा, छेदीलाल एवं शिव सैनिक उपस्थित थे।

# प्रयोगशाला परिचारक परीक्षा के लिए बनाये गये 6 केन्द्र, 2047 परीक्षार्थी होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

व्यवसायिक परीक्षा मंडल रायपुर के द्वारा 3 अगस्त एक पाली में आयोजित किये जाने वाले प्रयोगशाला परिचारक भर्ती परीक्षा के सफलतापूर्वक आयोजन के लिए बेमेतरा शहर में 6 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। जहां पर केंद्राध्यक्षों की नियुक्ति कर दी गई है।

सभी परीक्षा केन्द्रों में समन्वय संस्था शासकीय कला एवं विज्ञान महाविद्यालय बेमेतरा द्वारा तथा जिला प्रशासन के द्वारा एक-एक आब्जर्वर की भी नियुक्ति कर दी गई है। जिला पुलिस प्रशासन द्वारा सभी परीक्षा केन्द्रों में एक पुरुष पुलिस और एक महिला पुलिस की नियुक्ति की भी गई है। जिला प्रशासन के द्वारा नियुक्त ऑब्जर्वर 3 अगस्त को प्रातः 8.30 बजे प्रश्न पत्र एवं ओएमआर की पेटी लेकर संबंधित परीक्षा केंद्रों में पहुंचेंगे और परीक्षा के उपरांत वापस उन पेटियों को समन्वय संस्था शासकीय कला एवं विज्ञान महाविद्यालय बेमेतरा में जमा करेंगे। जबकि समन्वय संस्था द्वारा नियुक्त ऑब्जर्वर परीक्षा के सुचारू रूप से संचालन में अपनी सहभागिता देंगे। परीक्षा एक ही पाली में सभी परीक्षा केंद्रों में प्रातः 11 बजे से 1.15 तक होंगी। समन्वय संस्था के सीनियर प्रोफेसर, और समन्वयक डी आर साहू ने बताया कि सभी परीक्षा केन्द्रों में परीक्षा के लिए व्यापक तैयारी करने कहा गया है। सभी परीक्षा केन्द्रों में जैमर भी लगाया जाएगा। छत्तीसगढ़ व्यापम द्वारा परीक्षाओं में नकल रोकने के लिए कड़े कदम उठाए गए हैं। परीक्षा केंद्रों पर अब हैंडहेल्ड मेटल डिटेक्टर और मैनुअल तलाशी (फ्रिस्किंग) के जरिए सभी परीक्षार्थियों की बारीकी से जांच की जाएगी। समन्वय संस्था पं. जवाहरलाल नेहरू शासकीय कला एवं विज्ञान महाविद्यालय के वरिष्ठ प्रोफेसर एवं समन्वयक डी आर साहू ने बताया कि व्यापम द्वारा उठाए गए इस कड़े कदम की जानकारी देते हुए बताया कि अब सभी परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र में कम से कम 2 घंटे पहले पहुंचना अनिवार्य किया गया है। ताकि जांच और सत्यापन की प्रक्रिया समय पर पूरी की जा सके। व्यापम द्वारा जारी किए गए मुख्य दिशा-निर्देश के अनुसार अब सभी परीक्षार्थियों की मेटल डिटेक्टर और मैनुअल फ्रिस्किंग कार्य होगा। पुरुष और महिला परीक्षार्थियों की जांच क्रमशः पुरुष और महिला पुलिस कर्मी करेंगे। परीक्षा प्रारंभ होने से ढाई घंटे पहले पुलिस कर्मियों की उपस्थिति अनिवार्य होगी। परीक्षार्थी केवल हल्के रंग के हाफ स्लीव कपड़े और चप्पल पहनकर परीक्षा में शामिल हो सकते हैं।

परीक्षा शुरू होने के 30 मिनट पहले परीक्षा केंद्र का मुख्य द्वार बंद कर दिया जायेगा। बेमेतरा जिले में बनाये गए परीक्षा केन्द्रों में पं. जवाहर लाल नेहरू कला एवं विज्ञान महाविद्यालय बेमेतरा में परीक्षार्थियों की संख्या सबसे अधिक 480 है। जबकि नगर के अन्य परीक्षा केंद्र लक्ष्मण प्रसाद वैद्य कन्या महाविद्यालय बेमेतरा में 360, बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेमेतरा में 360, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय बेमेतरा में 360, ज्ञानोदय पब्लिक स्कूल बेमेतरा में 360, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम शिवलाल राठी बेमेतरा में 127 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे।

इंडियन नर्सिंग कौंसिल एवं छ.ग. नर्सेस रजिस्ट्रेशन कौंसिल से मान्यता प्राप्त
पं. दीनदयाल उपाध्याय स्मृति स्वास्थ्य विज्ञान एवं आयुष विश्वविद्यालय से सम्बद्धता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(04 वर्षीय पाठ्यक्रम)
प्रवेश योग्यता : बारहवीं कक्षा उत्तीर्ण बायोलॉजी विषय एवं नर्सिंग प्रवेश परीक्षा 2025 में उत्तीर्ण
100% CAMPUS PLACEMENT
पोस्ट बेसिक बी.एस.सी. नर्सिंग
(02 वर्षीय पाठ्यक्रम)
प्रवेश योग्यता : जी.एन.एम.उत्तीर्ण एवं नर्सिंग प्रवेश परीक्षा 2025 में उत्तीर्ण
जी.एन.एम. नर्सिंग
(03 वर्षीय पाठ्यक्रम)
प्रवेश योग्यता : बारहवीं कक्षा उत्तीर्ण

रस्तोगी कॉलेज ऑफ नर्सिंग
मॉडल टाउन, नेहरू नगर (पूर्व) भिलाई, जिला - दुर्ग (छ.ग.)
9300558900, 9300509100

## खबर संक्षेप

### प्राणघातक हमला करने वाले 4 आरोपी पुलिस गिरफ्त में



**भिलाई।** जान से मारने की नीयत से बेट बॉल और डंडा, रॉड से हमला करने वाले चार युवकों को पुलिस ने गिरप्तार किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि कैम्प छावनी निवासी प्रीतम कौर के पुत्र शुभदीप सिंह उर्फ बछड़ा के साथ रंजिश के कारण छोटा भांचा उर्फ राकेश, केश भुरू व उसके साथियों ने मिलकर साजिश रची। बेस बॉल, डण्डा, रॉड से मारपीट किया। पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी रही मुखबिर की सूचना पर कैंप 1 छावनी निवासी राकेश साहू ,केश कुमार साहू, मयंक कोसले ,प्रदीप कश्यप को पकड़ा गया। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि घटना को अंजाम देकर फरार थे। सभी आरोपियों को रिमाण्ड में भेजा गया है। घटना वैशाली नगर पुलिस थाना क्षेत्र की है।

### नयापारा में अवैध शराब के साथ एक गिरफ्तार

**भिलाई।** कोतवाली पुलिस ारा तिराहे के पास अवैध शराब के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। मुखबिर की सूचना पर गंजपारा नदी रोड के पास आरोपी को घेराबंदी क पकड़ा गया। आरोपी शराब बेचने के फिराक में घूम रहा था। आरोपी अमन यादव से 12 पौवा देशी प्लेन शराब जब्त की गई। आरोपी अमन पिता प्यारेलाल यादव उम्र 23 वर्ष शिवपारा का रहने वाला है।

### बिजली करंट की चपेट में आने से बालक की मौत

**भिलाई।** बिजली करंट से बालक की मौत होने का मामला सामने आया है। भिलाई तीन पुलिस ने बताया कि सतनामी पारा गनियारी भिलाई तीन निवासी कामेश्वर डहरिया 12 वर्ष छठवीं क्लास का छात्र था। उसके पिता रामा डहरिया चरोदा निगम में सफाई कर्मी है। कामेश्वर सोमवार की शाम को अपने दोस्तों के साथ खेत में भुट्टा तोड़ने गया था। गनियारी से सिरसा कला जाने वाली सड़क के किनारे स्थित योगेश वर्मा का फार्म हाउस है। जहां बिजली करेंट लगने से बालक कामेश्वर डहरिया की मौत हो गई। खबर लगने पर परिवार में मातम पसर गया है। कामेश्वर डहरिया 28 जुलाई की शाम मोहल्ले के धनेश्वर बंजारे, मयंक टंडन, अन्य बच्चों के साथ ग्राम गनियारी के सिरसा खार की तरफ गये थे। घूमते घूमते भुट्टा की फसल लगे ग्राम सिरसा कला डीएमसी रोड पर स्थित योगेश वर्मा के फार्म हाउस में पहुंच गए। कामेश्वर डहरिया भुट्टा तोड़ने के लिए खेत मे लगे तार घेरा को फांद कर खेत में चला गया। जहां योगेश वर्मा अपने खेत मे तार घेरा कर करेंट सप्लाई करके रखा हुआ था। कामेश्वर का पैर बिजली तार में लगने पर वह चिपक गया। कामेश्वर डहरिया को करेंट लग गया। सूचना मिलने पर राम डहरिया खेत के पास जाकर देखा तो तार का घेरा लगा हुआ था। कामेश्वर को उसके दोस्तों ने खेत मेड़ में सुला रखा था। पिता रामा डहरिया ने देखा और उसे 108 वाहन की गाड़ी से उपचार के लिए शासकीय अस्पताल सुपेला लेकर गया। जहां चिकित्सकों ने कामेश्वर को मृत घोषित कर दिया।

### बहला फुसलाकर धोखाधड़ी करने वाला गिरफ्तार

**भिलाई।** लोन, उपचार समेत अन्य बीमारियों का झांसा देकर महिलाओं से ठगी करने वाले महिला को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि नेबफिंस लिमिटेड बैंक, उज्जीवन बैंक ग्रीन चौक दुर्ग, स्वस्ति बैंक, बंधन बैंक नेहरू नगर, आशीर्वाद बैंक, बेल स्टार बैंक कोसा नगर, स्पंदन स्फूर्ती फाइनेंशियल लिमिटेड बैंक कैलाश नगर, एक्टिटोश बैंक, आईडीएफसी बैंक उतई, मुथूट फाइनेंस कंपनी कसारीडीह केलाबाड़ी दुर्ग से झांसा देकर महिला ने 15 लाख रुपए की ठगी किया है। शिकायत के बाद पुलिस ने महिला को घेराबंदी कर गिरफ्तार किया है। महिला को रायपुर श्ने आवास नेहरू नगर वार्ड 5 सुपेला निवासी नेमा गोस्वामी को रायपुर मंगल बाजार से पकड़ा है। घटना की सिकायत पुर्णिमा चौहान समेत अन्य महिलाओं ने मिलकर किया था। कार्रवाई में सुपेला थाना प्रभारी विजय यादव समेत उनकी टीम का योगदान रहा है।

## पर्व : सावन में भगवान शिव की आराधना में जुटे श्रद्धालु

# पार्थिव शिवलिंग के जलाभिषेक के लिए मदकूद्वीप में तांता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नवागढ़

जिले के बॉर्डर के नजदीक स्थित ऐतिहासिक स्थल मदकूद्वीप में भव्य पार्थिव शिवलिंग रुद्राभिषेक अनुष्ठान का आयोजन संपन्न हुआ। यह आयोजन मंडलेश्वर रामरूपदास महात्यागी के पावन सान्निध्य में सम्पन्न हुआ, जिसमें भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री पवन कुमार साय ने भी आस्था के साथ भाग लिया। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ की धरोहर कहे जाने वाला मदकूद्वीप, जिसे हरिहर क्षेत्र और केदार द्वीप के नाम से भी जाना जाता है, शिवनाथ नदी के मध्य अवस्थित एक दिव्य स्थल है। मान्यता है कि यहाँ ऋषि मंडुक्य ने तपस्या की थी और मंडुक्य उपनिषद् की रचना की थी। पुरातत्वविदों के अनुसार, यहां की खुदाई में कालचुरी काल (10वीं–11वीं सदी) के मंदिरों के अवशेष, शिव, गणेश, नंदी, राधा-कृष्ण और हरिहर की मूर्तियाँ, एवं तीसरी सदी ईसा पूर्व की ब्राह्मी लिपि में लिखे शिलालेख मिले हैं, जो इसे धार्मिक और ऐतिहासिक दृष्टि से अपार महत्व प्रदान करते हैं।

मंडलेश्वर रामरूपदास महात्यागी ने उपस्थित जनसमूह को शिवभक्ति, ध्यान और सत्य आचरण की शिक्षा दी। उन्होंने कहा कि यह द्वीप केवल धार्मिक आयोजन का स्थान नहीं, यह वह ऊर्जा क्षेत्र है जहां आत्मा और ब्रह्म का मिलन होता है। इसकी मिट्टी में





तप है, नदी में ध्यान है और वायु में श्रद्धा बसी है। भाजपा के प्रदेश संगठन महामंत्री पवन कुमार साय ने भी पूरे श्रद्धा भाव से पार्थिव शिवलिंग का रुद्राभिषेक किया। उन्होंने कहा कि मदकूद्वीप जैसे स्थलों पर धार्मिक आयोजनों से छत्तीसगढ़ की आध्यात्मिक परंपरा को बल मिलता है। यह केवल पूजा का स्थल नहीं, बल्कि संस्कृति, साधना और समाज का सेतु है। हमें इस विरासत को संरक्षित करने की जिम्मेदारी निभानी चाहिए।

### मंदिर समूह और संरचना-पुरातत्व की खुलती परतें

मदकूद्वीप में पुनर्निर्मित लगभग 20 प्राचीन मंदिर हैं, जिनमें अधिकांश पूर्वमुखी हैं। इन मंदिरों की स्थापत्य शैली, मूर्तिकला और गर्भगृह की संरचना कालचुरी युग की स्थापत्य परंपरा से जुड़ी मानी जाती है। यह स्थल हर साल महाशिवरात्रि, श्रावण सोमवारी के अवसर पर श्रद्धालुओं को आकर्षित करता है।

### मंडलेश्वर के सानिध्य में संवर रहा मदकूद्वीप

भाजपा जिला उपाध्यक्ष विकास धर दीवान ने भी आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि मंडलेश्वर रामरूपदास महात्यागी के सान्निध्य में मदकूद्वीप आध्यात्मिक चेतना का केंद्र बनता जा रहा है। उनकी उपस्थिति से यह पावन धाम न केवल धार्मिक दृष्टि से समृद्ध हो रहा है, बल्कि यहां की पहचान एक सांस्कृतिक तीर्थ के रूप में भी संवर रही है। इस दौरान महामंत्री मिंटू बिसेन, प्रदीप शुक्ला, नरेंद्र शर्मा सहित भक्तजन भी शामिल हुए।



## घठोली स्कूल में मनाया नागपंचमी का पर्व

**बेमेतरा।** शासकीय प्राथमिक शाला घठोली, विकासखंड नवागढ़ में नागपंचमी का पर्व बहुत ही धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष प्यारेलाल साहू उपस्थित रहें। प्रधान पाठक इन्द्रजीत साहू, शिक्षक कृष्ण कुमार तिवारी, शिक्षिका यामिनी बर्मन और बच्चों ने मिलकर नागपंचमी मनाया। प्रधान पाठक ने नागपंचमी की पौराणिक कथा बच्चे को सुनाये, जिसे बच्चों में नैतिक गुणों का विकास हो सके। शिक्षक कृष्ण कुमार तिवारी ने बताया कि सावन में मनाया जाने वाले पर्वों और शाला के त्योहार व उनके महत्व को बताया। नवाचारी शिक्षिका यामिनी बर्मन ने बताया कि सांप किसानों के मित्र भी होते हैं कैसे, विस्तार से बताया गया। एवं उनसे होने वाली खतरों व सावधानियों के विषय में विस्तार से बताया है। इस अवसर पर शासकीय प्राथमिक शाला घठोली में मिट्टी के हस्तकला, एवं चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित किया गया। सभी बच्चों का उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा।

### खैरझिटी स्कूल में मनाया नागपंचमी उत्सव

**थानखम्हरिया।** समीपस्थ शासकीय प्राथमिक शाला एवं पूर्व माध्यमिक शाला खैरझिटी कला में नाग पंचमी उत्सव धूमधाम से मनाया गया। सर्वप्रथम ब्लैक बोर्ड पर नाग देवता की छायाचित्र बनाकर पूजा की गई। शाला परिवार ने नागदेव की छायाचित्र एवं शिवलिंग पर दूध,चंदन, दूर्वा एवं अक्षत पुष्प अर्पित किए। संस्था प्रमुख और छात्र- छात्राओं द्वारा बनाया हुआ पार्थिव शिवलिंग को वैष्णव ने सभी को नागदेव की कहानी बतायी। शिक्षक डी.के. श्रीवास ने नाग पंचमी से जुड़े पौराणिक कथाओं को बच्चों को विस्तार पूर्वक सुनाते हुए नाग पंचमी मनाया गया। इस अवसर पर संकुल समन्वयक आनंद ताम्रकार सर ,मनहरण नेताम, एस. बी. साहू ,भूषण साहू ,नरेश साहू व प्राथमिक शाला. प्रमुख रामकुमार वैष्णव सर, शिक्षक डी सी साहू, अगमदास मार्कण्डेय, डी के श्रीवास, डाकवर पटेल समेत सभी शिक्षक एवं बच्चे उपस्थित रहे।



### जलाभिषेक कर किया नागदेव की पूजन-अर्चन

**थानखम्हरिया।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला एवं हाई स्कूल दर्री प्रांगण में हर्षोल्लास के साथ नागपंचमी मनाया गया। गौरतलब हो कि सनातन धर्म में नागों को धरती का रक्षक और ऊर्जा के स्त्रोतों के रूप में पूजा जाता है। नागपंचमी के दिन जो कोई इन नागों को सच्चे मन से जो पूजा करता है उसके जीवन में सदैव सुख-शांति बनी रहती है। प्रभारी प्राचार्या व्याख्यता दिनेश्वरी लहरे , व्याख्याता संगीता किरण अनंत, रीना कांता लकड़ा, सहायक ग्रेड दो विजय वैष्णव, प्रधान पाठक राजकुमार ध्रुवे, शिक्षक गोविंद कुमार सोनकर, भवानी सिंह नेताम, श अंजनी कुमार मिर्झा, सहायक शिक्षक सालिक राम पाल एवं स्वयं सेवी शिक्षिका दुर्गा सेन समेत सभी विद्यार्थी नागपंचमी उत्सव में शामिल रहे।



# उत्तम चंदेल ने मांगा अधिवक्ताओं का समर्थन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ साजा

■ साजा बार एसोसिएशन के सदस्यों से की भेंट

छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय, बिलासपुर के बार एसोसिएशन चुनाव को लेकर चुनावी माहौल तेज हो गया है। प्रत्याशी उत्तम चंदेल ने बुधवार को साजा बार एसोसिएशन का दौरा कर अधिवक्ताओं से मुलाकात की और अपने समर्थन में वोट देने की अपील की। इस दौरान उन्होंने कहा मैं सदैव अधिवक्ताओं के कल्याण और हितों की रक्षा के लिए समर्पित रहूंगा। आज वकालत एक ऐसा पेशा बन गया है, जिसे किसी भी प्रकार का



कानूनी या संस्थागत संरक्षण प्राप्त नहीं है। आए दिन अधिवक्ताओं के साथ झूठी रिपोर्ट, विवाद और शिकायतों का सामना करना पड़ता है। इस पर प्रभावी कदम उठाने की आवश्यकता है। चंदेल ने यह भी कहा कि न तो शासन और न ही स्टेट बार काउंसिल के पूर्व पदाधिकारी अधिवक्ताओं की समस्याओं को लेकर कोई ठोस पहल कर रहे हैं, जो चिंताजनक है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे साजा अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष मुलचंद शर्मा ने कहा कि छत्तीसगढ़ में अधिवक्ताओं की सुरक्षा के लिए अन्य राज्यों की तरह 'प्रोटेक्शन एक्ट' लागू किए जाने की आवश्यकता है। लेकिन हम अब तक इस दिशा में सफल नहीं हो सके हैं। इस अवसर पर वरिष्ठ अधिवक्ता सागर मानिक ने भी अधिवक्ताओं के अधिकारों और उनकी चुनौतियों को लेकर अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि समय आ गया है कि अधिवक्ता समुदाय संगठित होकर अपनी बात शासन और न्यायपालिका के समक्ष मजबूती से रखें। इस मौके पर साजा अधिवक्ता संघ के पूर्व अध्यक्ष पुरुषोत्तम चौबे, हरिशरण क्षत्रिय, अवधेश प्रसाद शर्मा, गोकुल राजपूत, मनोज वर्मा, अजय गोस्वामी, मनोज शर्मा, मनोज राजपूत, अजय देवगन, योगेंद्र चंदेल, दिनेश साहू, श्रीमती कविता गोसाई, उपेंद्रधर दीवान, विनोद शर्मा, हुलेश सिहा, संजय दत्त, चंद्रप्रकाश कन्नौजे, के.के. वैष्णव, अमरदास रात्रे सहित अनेक अधिवक्ता उपस्थित थे।

# सावनाही रामायण में मां शारदा मानस मंडली ने दी सुमधुर प्रस्तुति

**नवागढ़।** सावन माह के पावन अवसर पर बजरंग दल सेवा समिति दर्रीपारा, नवागढ़ के तत्वावधान में सावनाही रामायण का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर माँ शारदा मानस मंडली शंकर नगर, नवागढ़ द्वारा रामचरितमानस की सुमधुर प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में भगवताचार्य संजय शर्मा, दिलीप जायसवाल, विष्णु जायसवाल, नंदराम सिन्हा एवं परमेश्वर साहू ने श्रद्धालुओं को भक्ति रस में सराबोर कर रामकथा श्रवण करवाया। इस दौरान पार्षद जीवन सिन्हा, शत्रुहन निर्मलकर, चैनु यादव, कलीराम यादव, सुंदर निषाद, लक्ष्मी निषाद, दुर्गेश यादव, राकेश पाल, युवराज यादव सहित बड़ी संख्या में भक्तजन उपस्थित रहे।



# शासन के चार विभाग, एक कार्य के लिए अलग-अलग नियम

## यह नियम आम आदमी की समझ से दूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ परपोड़ी

शासन को सुचारू रूप से चलाने के लिए विधायिका नियम बनाती है और कार्यपालिका अधिकारी उसे पालन करवाते है । लेकिन अधिकारी उसकी कैसी व्याख्या करते है और पालन करते है और एक विभाग दूसरे को क्या बताता है इसको आम आदमी के लिए समझना कठिन है। ताजा मामला ग्राम पंचायत केशडबरी का है। ग्राम पंचायत ने मुरूम रोड में गड्ढे भरने के लिए 26 मई को एक प्रस्ताव पारित किया गया था। इस प्रस्ताव को अमान्य करते हुए तहसीलदार थान खम्हरिया ने आकर सीधे कार्यवाही करते हुए जेसीबी को जब्ती बनाकर देवरबीजा थाना में सुपुर्दगी दिया गया। अब खनिज विभाग का हर क्षेत्र, व्यक्ति और घटना के हिसाब से अलग नियम है। इसकी विस्तृत जानकारी के लिए खनिज विभाग के अधिकारी और कर्मचारी नियम बताने को तैयार नहीं है।

### ग्राम पंचायत का प्रताव

ग्राम पंचायत केशडबरी में 26 जून के प्रस्ताव में ग्राम के गड्ढों में मुरूम डालने का कार्य शत्रुहन थूकर को कार्य दिया गया। ग्रामसभा प्रस्ताव क्रमांक 2 में बैटू तालाब वोतका से मुनी बाबा मंदिर तक मुरूमिकरण कार्य किया जाना प्रतावित है। प्रस्ताव में सरपंच/सचिव की सील एवं हस्ताक्षर है। ग्राम सभा की उपस्थिति पंजी में 26 व्यक्तियों के हस्ताक्षर है। इस प्रकार पंचायत विभाग का विभाग गढ़ों को भरने के प्रस्ताव पारित करता है। जिसमें वाहन मालिक ने पंचायत प्रस्ताव के आधार पर वाहन को कार्य स्थल पर भेजा।

**उच्च अधिकारी के कहने पर राजस्व विभाग ने की कार्रवाई:** राजस्व विभाग जिसका कहना है कि ग्राम में खनन कार्य केवल कृषि के लिए किया जा सकता है, वह भी 1-1 फीट करके केवल 3 फीट तक। ऐसे में राजस्व विभाग अन्य कार्यों का उल्लेख नहीं कर रहा जैसे गृह निर्माण की नींव खुदाई, शासकीय भवनों की नींव खुदाई, नाली की नींव, सड़क के खतरनाक गड्ढों को भरना जैसे खुदाई कार्य के लिए कितनी खुदाई की जा सकती है, लेकिन राजस्व विभाग अपने उच्च अधिकारी के कहने पर पंचायत विभाग के कागज देखे बिना या वैधता की जांच किए बिना अधिकारी के कहने पर कार्यवाही कर दी । यदि खनन कार्य अवैध है तो तहसीलदार को सर्वप्रथम ग्राम पंचायत की सभा और प्रस्ताव को अमान्य करना था लेकिन कार्यवाही जेसीबी पर हुई ।

**खनिज विभाग को दिखाये**

मुझे खनन की जानकारी मौखिक दी गई थी, जिसके आधार पर कार्रवाई की गई है। यदि पंचायत ने प्रस्ताव पारित किया था तो वे खनिज विभाग में जाकर दिखा सकते हैं।

- एमडी साहू, तहसीलदार

**प्रस्ताव पर भी कार्रवाई**

ग्राम पंचायत केशडबरी सरपंच मौके पर मौजूद था। कागज कोई लेकर नहीं घूमता है। तहसीलदार थानखम्हरिया को कहा गया कि प्रस्ताव पारित किया गया, लेकिन फिर भी कार्रवाई की गई।

सतीश सिंह राजपूत, मालिक, जेसीबी वाहन

## राष्ट्रीय शिक्षा नीति के 5 वर्ष पूर्ण होने के पर डाइट में संगोष्ठी एवं चर्चा सत्र का आयोजन

# अध्ययन अध्यापन में मातृभाषा को प्राथमिकता जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

जिला शिक्षा संस्थान डाइट में नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 लागू होने के 5 वर्ष पूर्ण होने उपलक्ष्य में संस्थान के अकादमिक सदस्यों एवं डीएलएड के छात्राध्यापकों के बीच संगोष्ठी एवं परिचर्चा का आयोजन किया गया। इस संगोष्ठी एवं परिचर्चा में डाइट के अकादमिक सदस्य एवं डीएलएड द्वितीय वर्ष के छात्राध्यापकों ने भाग लिया।

सभी छात्र अध्यापकों को तीन समूह में बांटा गया और पहले समूह को शिक्षा में मातृभाषा की भूमिका नामक विषय दिया गया। द्वितीय समूह के छात्राध्यापकों को 21वीं सदी की कौशल आधारित शिक्षा और तृतीय समूह के छात्राध्यापकों को नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 शिक्षक की नई भूमिका, नीति से कक्षा तक चुनौतियां और संभावनाएं, इन



तीनों ही विषयों पर शोध पत्र, केस स्टडी, पोस्टर और व्याख्यान के माध्यम से प्रस्तुतीकरण किया गया। जो की अत्यंत ही सफल रहा। पहले समूह के विषय शिक्षा में मातृभाषा की भूमिका पर अपनी बात रखते हुए द्वितीय वर्ष की छात्राध्यापिका चंद्रकला साहू ने कहा कि शिक्षा ही जीवन का मूल आधार है। शिक्षा जितनी सहज सुलभ और सजीव होगी, उतना ही वह प्रभावशाली भी होगा। किसी भी व्यक्ति के लिए उसकी मातृभाषा सबसे निकटतम, प्रिय और समझने में सहज व सरल होती है। जब शिक्षा मातृभाषा में दी जाती है तो वह व्यक्ति के मस्तिष्क में बहुत गहराई से बैठ जाती है।

### बच्चों को उनकी स्थानीय भाषा में दे शिक्षा

नई शिक्षा नीति 2020 में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि छोटे बच्चों को उनकी स्थानीय भाषा में ही, मातृभाषा में ही शिक्षा दिया जाना है। इसका एकमात्र उद्देश्य यह है कि छोटे बच्चे मजबूत बुनियादी ज्ञान प्राप्त कर सके और जटिल विषयों को भी वह आसानी से समझ सके। छात्राध्यापिका सुमन साहू ने इसे और स्पष्ट करते हुए कहा कि छात्र स्थानीय भाषा में प्रश्न को समझ कर उनका सही उत्तर दे पाते हैं। इससे उनके अंदर आत्मविश्वास की भावना भी बढ़ती है। वे न केवल पढ़ाई बल्कि जीवन के हर क्षेत्र में वह खूब आगे बढ़ते हैं। डाइट के वरिष्ठ व्याख्याता, शिक्षाविद, और इतिहासकार डॉ बसुबंधु दीवान ने कहा कि मातृभाषा में शिक्षा केवल भाषा का ही मुद्दा नहीं है यह आत्मसम्मान, समानता, संस्कृति और संप्रेषणीयता से भी जुड़ा हुआ विषय है। इस महत्वपूर्ण परिचर्चा में संस्थान की वरिष्ठ व्याख्याता उषा किरण पांडेय, अनिल कुमार सोनी, डॉ. बसुबंधु दीवान, जी एल खुटियारे, थलज कुमार साहू राजकुमार वर्मा, यमुना जांगड़े, श्रद्धा तिवारी, कीर्ति घृतलहरे सहित डीएलएड द्वितीय वर्ष की छात्र अध्यापक उपस्थित थे।

online Booking:-www.tripuryatra.com



सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 14,500/-
9 रात व 10 दिन

चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री
श्री त्रियुगीनारायण-(भगवान शिव व माता पार्वती का विवाह स्थल )
श्री तुंगनाथ महादेव- (विश्व का सर्वोच्च शिव मंदिर-चंद्रशिला चोटी के पास)
6 सितंबर, 17 सितंबर, 24 सितंबर, 29 सितंबर, 5 अक्टूबर 2025, 4 मई 2026
अन्य दर्शन- काशीविश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन, (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग) माना गांव-भारत का अंतिम गांव, धारी देवी, चोपता
राशि:- स्टैंडर्ड पैकेज 14,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411